हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 जून 2025


तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


14 संवैधानिक हक की मांग को लेकर अजजा वर्ग ने किया...



13 पावरहाउस स्टेशन में दो रिजर्वेशन काउंटर...





## खबर संक्षेप

### ई रिक्शा से टक्कर में बाइक चालक की मौत व 1 घायल



**बालोद।** गुण्डरदेही से बाईक के माध्यम से अपने घर जा रहे दो युवक ई रिक्शा के अचानक ब्रेक लगा देने के कारण सड़क हादसे का शिकार हो गए। जिसमे एक युवक की मौत हो गई व एक युवक घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही मुख्यालय से 6 किलोमीटर दूर ग्राम चिचलगोंदी ईट भट्टा के पास मंगलवार को शाम 5:30 बजे मुख्य मार्ग पर ई रिक्शा और बाईक मे टक्कर हो गई। इस घटना मे बाईक मे सवार ग्राम कांदुल निवासी प्रशांत यादव 21 वर्श की मौत हो गई। वही उसके दोस्त दीपक साहू 22 वर्श घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रशांत यादव अपने दोस्त दीपक साहू के साथ बाईक मे गुण्डरदेही से अपने गांव जा रहे थे। इस दौरान चिचलगोंदी मेन रोड़ के पास सामने जा रही ई रिक्शा चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे पीछे आ रही बाईक टकरा गया इस टक्कर से प्रशांत यादव के सीने व कंधा और दीपक साहू के सिर व शरीर मे अंदरूनी चोट लगने पर निजी वाहन से शासकीय अस्पताल गुण्डरदेही मे लाकर भर्ती कराए। जहां ईलाज के दौरान प्रशांत यादव की मौत हो गई। ई रिक्शा के चालक लोहे के एंगल एवं टीन शेड को ले जा रहा था। इस दौरान अचानक ब्रेक मारने से यह हादसा हुआ। गुण्डरदेही थाने मे वाहन चालक के खिलाफ धारा 106, 125 (ए), 281 के तहत अपराध दर्ज शेष पेज 13 पर

# सामाजिक बहिष्कार का मामला राज्य महिला आयोग में सहमति से सुलझा

## विधायक संगीता और कलेक्टर की उपस्थिति में 16 प्रकरणों की हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज | बालोद/दल्लीराजहरा

छत्तीसगढ़ राज्य माहिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य ओजस्वी मंडावी व लक्ष्मी वर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर जनसुनवाई की।

जिसमे बहुसंख्यक मामले को विभिन्न कारणो से नस्तीबद्व कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में गुरुवार प्रदेश स्तर पर 323वीं व बालोद जिला की 5वीं सुनवाई हुई। बालोद जिले में आयोजित जन सुनवाई में कुल 16 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। आज सुनवाई के दौरान विधायक संगीता सिन्हा एवं कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक उपस्थित थे। सुनवाई के दौरान प्रकरण में उपस्थित आवेदिका ने पूर्व में भी उन्हीं पक्षकारों के खिलाफ सामाजिक बहिष्कार का प्रकरण प्रस्तुत किया था जिसे आपसी सहमती से नस्तीबद्ध किया जा चुका है।

उसी आशय का दुबारा आवेदन दिया है जिसमें उभय पक्षों के मध्य तहसील न्यायालय में प्रकरण चल रहा है और 05 मई 2025 को गांव में सामाजिक बहिष्कार नहीं किया गया है इस पर सभी पक्षों ने हस्ताक्षर किए है। अतः प्रकरण नस्ती बद्ध किया जाता है। अन्य प्रकरण में आवेदिका प्रधानपाठिका और अनावेदक बीईओ डौण्डी जिला बालोद हैं।




### दो दिन का वेतन कटा

आवेदिका का कथन है कि अनावेदक उनके स्कूल में आये दिन निरीक्षण करते है, उन्हें नोटिस देते है। दिसम्बर 2024 का वेतन रोक दिये है और दो दिन का वेतन भी काटा है। अनावेदक का कथन है कि आवेदिका रायपुर से 150 किमी. से आना जाना करती है। मुख्यालय में नहीं रहती है जिससे स्कूल का काम प्रभावित होता है। आवेदक ने बीईओ डौण्डी को दस्तावेज के साथ उपस्थित होने कहा है कि उनके द्वारा कितने बार औचक निरीक्षण किया, कितनी बार नोटिस दिया गया। बीईओ को यह भी स्पष्ट करना होगा कि जिस अवधि में आवेदिका के स्कूल का निरीक्षण किया गया है उन 06 माह में उनके द्वारा अन्य स्कूल में कितनी बार निरीक्षण किया गया है। एक माह के भीतर उभय पक्ष अपने दस्तावेज आयोग में प्रस्तुत करेगे। उसके पश्चात आवश्यकता अनुसार आयोग की ओर से औचक निरीक्षण अथवा उचित कार्यवाही किया जायेगा। प्रकरण आगामी सुनवाई रायपुर में होगी।

## आरोपी सुदामा ठाकुर एवं देवब्रत के बीच थाने में शिकायत करने को लेकर हुई थी मारपीट

# कुख्यात शराब माफिया देवव्रत की हत्या अंतिम संस्कार में ग्रामीण नहीं हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज | बालोद

ग्राम खुटेरी थाना रनचिरई के शराब माफिया व गांजा किंग और बीते तीन सालो से खुटेरी सहित पांच ग्रामो मे आंतक का पर्याय बन चुके देवव्रत बिझेकर (40) के आतंक से प्रशासन तो इन ग्रामो को भय मुक्त नही कर सका, पर 11 जून को एक भयाक्रांत आदिवासी युवक के साथ मारपीट में कथित तौर पर देवब्रत की हत्या कर दी। देवब्रत के आतंक से ग्रामीण इतने भयभीत थे कि देवब्रत के अंतिम यात्रा मे ग्राम का कोई सदस्य नहीं गया। देवब्रत की मौत की खबर से ग्राम खुटेरी (अ) सहित ग्राम जोरातराई, डोंगीतराई, बोरगहन, अचौद भटगांव, बोदल मे शांति की लहर दौड़ गई। देवब्रत की कथित तौर पर हत्या के बाद आरोपी युवक सुदामा ठाकुर शेष पेज 13 पर

### हत्या की खबर से खुटेरी (अ) सहित आधा दर्जन गांव में शांति की लहर

#### गांजा-शराब की अवैध बिक्री ग्रामीणों ने की थी शिकायत

कुछ दिन पहले गांव के सैकड़ो ग्रामीण थाना रनचिराई पहुंच कर मृतक के खिलाफ थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा था, जिसमे मृतक के द्वारा गांव मे अवैध शराब एवं गांजा बिक्री करने की शिकायत ग्रामीणों ने की थी। बताते है कि सार्वजनिक रूप से शराब गांजा का मामला उठाने से देवब्रत इतना आक्रोशित था कि वह लगातार सुदामा ठाकुर व अन्य लोगो को अकेले मे तलाश कर रहा था। 10 जून को ग्राम जोरातराई के बाजार मे देवब्रत को सुदामा ठाकुर अकेला मिला। जहां देवब्रत ने सुदामा ठाकुर को पीटना प्रारंभ किया। सुदामा वहां से जान बचाकर जोरातराई के एक ग्रामीण के घर मे घुसा शेष पेज 13 पर



#### कई बार हत्या का आरोपी बना

पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष नागेन्द्र कुमार साहू ने बताया मृतक देवब्रत पर पूर्व मे कई बार हत्या का आरोप लग चुका है, चोरी, लूट, मारपीट गुण्डागर्दी आम बात थी, गांजा व शराब की तस्करी साप्ताहिक बाजार मे खुलेआम करता था। उसका इतना आतंक था कि भय के कारण ग्रामीण कभी अकेले कही आते जाते नही थे। ग्रामीणो ने देवब्रत तो गांजे के साथ पकड़ा लेकिन पुलिस ने कार्यवाही नही की। भयग्रस्त ग्रामीण थाने मे फोन करते तो पुलिस कभी ग्राम मे नही आई। लेकिन देवब्रत के फोन पर पुलिस ग्राम मे पहुंच जाती थी। ग्रामीण समिति सचिव लिलेश्वर प्रसाद साहू ने कहा बीते तीन सालो से देवब्रत का आतंक बहुत बढ़ गया था। थाने मे रिपोर्ट लिखाने पर जान से मारने की धमकी देता था। ग्रामीण उसके आतंक से भयग्रस्त थे। हमने कई बार पुलिस प्रशासन से शिकायत की पर लगातार उसका आतंक बढ़ता जा रहा था। यदि 10 जून को सुदामा की रिपोर्ट पर कार्यवाही कर दी जाती तो यह घटना नही होती।

# दल्ली से मधु चौक तक डिवायडर बनाने का विरोध, विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज | बालोद



शहर के दल्लीचौक से मधु चौक तक बनने वाली सड़क चौड़ीकरण, सौदर्यीकरण तथा सड़क के मध्य प्रस्तावित डिवाईडर कार्य मे डिवाईडर का नगरवासियो ने विरोध किया है। पूर्व मे विधायक संगीता सिन्हा व कलेक्टर को ज्ञापन सौपने के बाद मंगलवार को प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री अरूण साव से मुलाकात कर डिवाईडर नही बनाने की मांग की। लोगो ने बताया कि बिना डिवाईडर के भी सड़क बनाई जा सकती है। सौदर्यीकरण भी बेहतर तरीके से किया जा सकता है। डिवाईडर बनने से रहवासियो और व्यापारियो को परेशानी होगी। इससे पहले भी नगर मे डिवाईडर को लेकर लगातार विरोध मे आवाज उठ रही है।

- सौदर्यीकरण बेहतर तरीके से करें पर डिवायडर बनाने से होगी परेशानी

### जनभावना के अनुरूप होगा काम : विधायक

मामले मे विधायक संगीता सिन्हा ने आश्वासन दिया है कि जनभावनाओ के अनुरूप ही विकास कार्य होंगे। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग पर कई स्कूल, बैंक, एटीएम, अस्पताल और दुकाने है, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि नगर मे निकलने वाली रैली और जुलुस का यह प्रमुख मार्ग है। डिवाईडर बनने शेष पेज 13 पर




# पांच साल में जिले के 87 पंचायतों ने नहीं कराया ऑडिट, सीईओ ने मांगा ब्यौरा

## विकास के लिए जारी की गई राशि में मनमानी, अब होगा हिसाब, जनपदों से मांगी अनुपयोग राशि भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

ग्राम पंचायतों को विकास के लिए जारी राशि में जमकर बंदरबांट किए जाने की शिकायत सामने आ रही है। ऐसे जिले में करीब 87 से अधिक ग्राम पंचायतों का जनपद से आडिट ही नही किया गया है। जबकि हर साल विकास कार्य के लिए जारी राशि का आडिट किया जाता हैं। जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने जनपदों से ऐसे ग्राम पंचायतों की जानकारी मांगी है, वहीं रिकवरी के निर्देश दिए जाने के बाद खलबली मच गई है।

राज्य शासन द्वारा हर साल ग्राम पंचायतों को गांव के विकास के लिए राशि जारी की जाती है। लेकिन विकास के नाम पर जनप्रतिनिधियों द्वारा जमकर मनमानी की जाती है। यही कारण है कि, एक साथ पांच साल का हिसाब आडिट सहित मांगा गया है। सीईओ ने विगत दिनों जिला पंचायत में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। उन्होने कहा वित्तीय वर्ष 2022-23 में किये गये ऑडिट वित्तीय वर्ष 2022-23 में किये गये ऑडिट अनुसार ग्राम पंचायतों में अनुपयोगी राशि उपलब्ध है, जिसे जिला पंचायत में वापस किया जाना है। जानकारी अनुसार प्रदेश में सत्ता बदलने के बाद ऐसे अनुपयोगी राशि को वापस भी मांगे गए थे। लेकिन जनपदों से राशि जिला पंचायत को अब तक नही भेजी गई है।

### इन पंचायतों ने पांच साल तक नहीं दी जानकारी

पंचायतों द्वारा वर्ष 2018 से 2023 तक एक भी बार ऑडिट नहीं कराया गया है। जिसमें दुर्ग के आमटी, अरसनारा, भरदा, भोथली, बोरई, चिंगरी, डांडेसरा, ढौर, घुघसीडीह, हनोदा, जेवरा, झोला, खाड़ा, खपरी (कु), खोपली, कोड़िया, कोकड़ी, कोलिहापुरी, कोनारी, मचांदुर, मतवारी, निकुम, पिसेगांव, रसमड़ा, रवेलीडीह, रिससाखुर्द हैं, वही धमधा के 26 गांव में अकोली, बसनी, भरनी, बोरसी, चीचा, चेटुवा, दनिया, दारगांव, देवरी, ढौर, धौराभाठा, ढौर (खे), डोडकी, गिरहोला, हिरेतरा, कंदई, कंडरका, करेली, खैरझीटी, खपरी (सांकरा),कोड़िया, लिमतरा, मोहलाई, मोंहदी, मोहरेंगा, मुरमुंदा, मुर्रा, नंदवाय, नारधा, पगबंधी, परबोड, पेन्ड्रावन, पेन्ड्री (ग), पोटिया (मे), रूहा, सगनी, सेवती, तरकोरी, टेमरी, ठेंगाभाट है। इसी तरह पाटन के 40 गांव में अर्मरीखुर्द, बटरेल, भरर, बोरिद, बोरवाय, धमना, डिडगाभाठा (रानीतरई), जामगांव (आर), खर्रा, कुर्मीगुण्ड्रा, मुड़पार, निपानी, ओदरागहन, पाहंदा (झ), पतोरा, फेकारी, रूही, सांतरा, सोनपुर, सुरपा, तेलीगुण्ड्रा हैं। अब इनसे पांच साल का रिपोर्ट मांगा गया हैं।





### सात दिन के अंदर खराब रिक्शों की मांगी जानकारी

सोमवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं समस्त स्टाफ की समीक्षा की गई। इस दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की समीक्षा, ग्राम पंयाचतों में रिक्शा खराब की जानकारी 7 दिवस के भीतर मांगे है। प्रत्येक गांव में अनिवार्य रूप से यूजर चार्जेस लिये जाने और इसके लिए ग्रामीणो को नारा लेखन, दिवाल लेखन, रैली, फिल्म प्रदर्शन आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायतों में संलग्न स्वच्छाग्राहियों को अंतिम बार कब सुरक्षा एव कार्य सामग्री प्रदाय की गई, इसकी जानकारी मांगी है। समीक्षा में विकास खण्ड वार कितने बर्तन बैंक प्रारंभ किये गये है, विकासखण्ड वार माह जून में 15 से 20 ग्राम पंचायत में बर्तन बैंक की स्थापना करने कहा।

## खबर संक्षेप

### संत कबीर साहेब प्रकटोत्सव सम्मेलन सम्पन्न



दुर्ग। गतवर्ष की भंति इस वर्ष भी समभाव कबीर सेवा समिति के तत्वाधान में सिविल लाइन शितला तालाब धरा धाम समृद्धि बाजार के बाजु स्थित समभाव कबीर कुटी मंदिरए राममंदिर एवं हनुमान मंदिर के प्रांगण में सदगुरु कबीर साहेब का 627 वीं प्रगटोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम मंगलवार को गरिमामय सम्मेलन में महंत विक्रमदास महंत मोहित दासए दिवान बजरंग दास के अलावा संभाग के सभी संतो का गरिमामय उल्लासमय वातावरण में सम्पन्न हुआ । उल्लेखनीय है कि एक दिवसीय मांगलिक कार्यक्रम पंचम वर्ष प्रातः 8 बजे से गुरू महिमा पाठ से प्रारंभ होकर मध्यान सत्संगए प्रवचन के पश्चात सात्विक चौका आरती प्रसाद वितरण एवं सार्वजनिक भंडारा के साथ सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम की सफलता के लिए समिति के अध्यक्ष अजय वर्मा, गोवर्धन प्रसाद जायसवाल, बोधन साहु, मनहरण साहू, दीना सिन्हा, अशोक यादव, विरेन्द्र सिन्हा, रविदास, शैलेन्द्र चौहान एवं राजु सोनी उपस्थित रहे।

### फ्रेंचाइसी दिलाने का झांसा देकर 11.74 लाख ठगे

भिलाई। आईसक्रीम का फ्रेंचाइसी दिलाने का झांसा देकर फर्नीचर कारोबारी से लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि प्रकाश चंद जांगिड का इंडस्ट्रियल एरिया धमधा नाका रोड दुर्ग में दीपक प्लायवुड के नाम फर्नीचर का दुकान है। माह फरवरी 2025 में नेचुरल आईस्क्रीम का फ्रैंचाइसी लेने के लिए कंपनी के कस्टमर केयर नंबर पर ऑनलाइन गुगल में सर्च कर नंबर जुगाड किया।

## लापरवाही : पिकनिक स्पॉट के नाम पर ठगड़ा बांध में 17 करोड़ रूपए दफन

# सत्रह करोड़ खर्च बाद भी बोटिंग का पता नहीं, पर्यटकों का भी मोहभंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

ठगडा बांध को प्रदेश का बेस्ट पिकनिक स्पाट बनाने के नाम पर दुर्ग शहरवासियों के साथ बडा मजाक हो गया है। ठगडा बांध में सत्रह करोड रूपए फूंकने के बाद भी यहां पिकनिक स्पाट की किंचित मात्र भी तस्वीर नही उभर रही है। पिकनिक स्पॉट से लेकर जैव विविधता पार्क और नौका विहार जैसी सुविधाएं यहां देने का दावा किया गया था। लेकिन वर्तमान में ठगडा बांध में एक भी बोटिंग संचालित नही है। बांध में जलभराव नही होने का हवाला देकर ठेका एंजेसी ने भी एग्रीमेंट का उल्लेघन कर काम छोड दिया है। जलस्तर बनाए रखने के लिए कोई प्रयास नही किए जाने के कारण यहां एक भी मछली तैरती नही दिख रही है।

ठंगडा बांध के सूखने से वर्तमान में पर्यटको का भी मोहभंग हो गया है। पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा ठंगडा बांध को प्रदेश का नंबर वन पिकनिक स्पाट बनाने का दावा किया गया था। निगम के आंकडों के अनुसार यहां सत्रह करोड रूपए से अधिक की राशि फूंक दी गई। लेकिन वर्तमान में यहां सिर्फ और सिर्फ विरानी के आलावा कुछ भी नही हैं।

शहरवासियों को इस बात की उम्मीद थी कि, दुर्ग को भिलाई स्टील प्लांट के बाद ठंगडा बांध में पिकनिक स्पाट के नाम पर जाना जाएगा। लेकिन वर्तमान में यह बदनामी से कम प्रचारित नही हो रहा है। हालात यह है कि, बांध के गेट के सामने एक भी कर्मचारी नही है।

### करोड़ों रूपए खर्च के बाद छाई है विरानी, एजेंसी का भी पता नहीं




### बीस साल की लीज पर दिया गया

कांग्रेस सत्ता में बने ठंगडा बांध के संचालन के लिए एक निजी एंजेसी को बीस साल के लिए दिया गया था। लेकिन वर्तमान में एंजेसी का भी पता नही है। शुरूआत में यहां गेट के पास सुरक्षा कर्मी भी थे, लेकिन वर्तमान में एक भी कर्मी नही है। हालात यह हे कि, स्थिति खंडहर से कम नही हैं। यहां बच्चों के लिए मनोरंजन स्पाट भी बनाया गया था। लेकिन यह भी खंडहर होते दिख रही हैं। बांध की स्थिति को देखकर ऐसा लगता है कि, एंजेसी का भी संचालन से मोहभंग हो गया है।

### बीचों बीच बनना था रेस्टोरेंट

ठगडा बांध के बीचो बीच आईलैंड बनाया गया था, वही इसी जगह रेस्टोरेंट बनाने की भी प्लानिंग थी। लेकिन लोगों की यहां मौजूदगी नही दिखने के कारण ये सब बेकार साबित होने लगे है। बांध में किनारे में गेम जोन बनाया गया था, शुरूआत में बच्चों सहित परिवार पहुंच रहे थे, लेकिन वर्तमान में इसका रखरखाव नही होने से गेम जोन जल्द ही कबाड होने की स्थिति में है। यहीं नहीं बांध में सबसे बडी खूबी मरीज ड्राइव की तरह बोटिंग का प्लान था, लेकिन यहां वर्तमान में पानी नही होने के कारण बोटिंग को किनारे लगा दिया गया है।

### वर्तमान सरकार की भी रूचि नहीं

पिछले चार अक्टूबर 2023 को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसका वर्चुअल लोकार्पण किया था। ठगड़ा बांध जब पिकनिक स्पॉट बना तो बड़ी संख्या में लोग यहां आने लगे थे। परिवार के साथ पर्यटक यहां क्वालिटी टाइम स्पेंड करते नजर भी आए थे। बीते कुछ सालों में ठगड़ा बांध की सुध शासन और प्रशासन ने नहीं ली, वही निगम में बैठी भाजपा की सरकार ने भी करोडों की इस योजना को लेकर गंभीरता नही दिखाई है। नतीजा ये हुआ कि, ठगड़ा बांध की सुंदरता अब कबाड़ में तब्दील होते जा रही है। कभी पर्यटकों की भीड़ से गुलजार रहने वाला ठगड़ा बांध आज सन्नाटे में गुम है।

### जलभराव को लेकर विवाद

ऐसी जानकारी मिली हैं कि, ठंगडा बांध को लेकर ठेका एंजेसी ने निगम से बांध भरने की मांग की थी, ताकि बोटिंग यहां हो सके। लेकिन नगरनिगम ने जल संसाधन से बांध को भरने रूचि नही दिखाई। गर्मी के दौरान यह बात भी समाने आई कि, बांध के पानी को कुछ लोग खाली करने भी जूटे रहे। बकायदा मोटर पंप भी लगाए गए थे। जिसकी जल संसाधन विभाग से शिकायत भी की गई थी। इस तरह खिंचतान के चलते जलभराव नही हो सका और शहरवासियों को सिर्फ मायूसी हाथ लगी है।

### मामूली राशि में दिया गया था ठेका

नगरनिगम द्वारा ठंगडा बांध में सत्रह करोड रूपए खर्च किया गया था। लेकिन इसे एमआईसी से पारित कराकर बेहद कम दर भी ठेका कंपनी को बीस साल के संचालन के लिए दिया गया था। जिसे लेकर उस दौरान भाजपा के पार्षदों ने जमकर विरोध किया था। सूत्रों ने बताया कि, सत्रह करोड खर्च करने के बाद इससे नगरनिगम को फूटी कौडी भी राजस्व नही मिला है। बांध बनने के बाद राजस्व बढाने भी निगम प्रशासन ने कोई प्रयास नही किया।

### समीक्षा करेंगे

ठगडा बांध की पहले समीक्षा की जाएगी। हमारी सत्ता को बैठे महज पांच माह ही हुए हैं। खैर हम पूरी तरह से गंभीर हैं। बारिश के बाद इस पर कार्ययोजना तैयार करेंगे। **-लीना दिनेश देवांगन,** प्रभारी जल विभाग नगरनिगम

### सत्तापक्ष गंभीर नहीं

कांग्रेस सरकार ने ठगड़ा बांध को एक खूबसूरत टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने का सपना देखा और उसे साकार भी किया। लेकिन भाजपा सरकार के आने के बाद इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। वर्तमान में जो स्थिति है, उसका जिम्मेदार सत्तापक्ष है। **-संजय कोहिले,** नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस

# शंकर नगर में 43 लाख की लागत से होगा नाला निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 10 शंकर नगर निर्माणधीन नाले का निरीक्षण करने महापौर अलका बाघमार पहुँची। उन्होने ठेकेदार को सक्त हिदायत देते हुए कहा कि, गुणवत्ता में किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नही किया जाएगा। निर्धारित मापदंड के तहत निर्माण करने कहा है।

- महापौर ने कहा गुणवत्ता समझौता बर्दाश्त नहीं

महापौर अलका बाघमार द्वारा बाज़र एवं राजस्व प्रभारी व पार्षद शेखर चन्द्राकर एवं टीम सहित वार्ड नागरिको के साथ शंकर नगर सुभाष स्कूल के पीछे से लेकर गजानंद मंदिर चौक तक 43 लाख की लागत से निर्मित की जा रही है। जिसे लेकर नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। शंकर नगर क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी नही होने के कारण महापौर व राजस्व प्रभारी चन्द्राकर के निर्देश पर निर्मित नाला निर्माण का बहाव अन्य नाला की तरफ जोड़ा गया है। ताकि बारिश के बहते पानी का बहाव बेहतर हो सके। कार्य के दौरान गुणवत्ता एवं पानी के समुचित बहाव हेतु नाली के स्लोप मेंनटेन पर विशेष ध्यान देने कहा गया है। उन्होने ठेकेदार को निर्देश दिए कि निर्माण सामग्री एवं काम में लगी मशीनों के कारण सड़क पर आवागमन बाधित न हों, इस हेतु निर्माण सामग्री व मशीनों को सड़क के किनारे व्यवस्थित रूप से रखें।

### समयसीमा के अंदर हो निर्माण कार्य

इस समय उन्होने नाला निर्माण कार्य का सघन रूप से निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देने के साथ ही कहा कि नाला निर्माण हो जाने के पश्चात पानी का बहाव निर्वाध रूप से हो, इस हेतु स्लोप मेंनटेन करते हुए कार्य को संपादित कराएं। निर्माण कार्य को तय सीमा के अंदर किये जाने के सख्त निर्देश दिए।

# नीता चौरसिया व विभा मिश्रा बनी सपोर्ट पर्सन



दुर्ग। राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार एवं क्रियान्वयन के लिए दुर्ग जिले में सपोर्ट पर्सन का चयन योग्य एवं अनुभवी व्यक्ति एवं संस्था आवेदकों के साक्षात्कार व जिलाधीश के अनुमोदन के बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग द्वारा वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों की प्रमुख भारत स्काउट एंड गाइड की पूर्व जिला संगठन आयुक्त भाजपा नेत्री नीता चौरसिया एवं वरिष्ठ एडवोकेट दुर्ग बार काउंसिल की सदस्य एडवोकेट विभा मिश्रा को पीड़ित एवं संकटग्रस्त जरूरतमंद बालकों को संरक्षण विधिक संरक्षण मनोवैज्ञानिक, यौन शोषण के शिकार बच्चों की सहायता के लिए सपोर्ट पर्सन सहायक व्यक्ति प्रोटेक्शन ऑफ़ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल हैरेसमेंट पास्को एक्ट अधिनियम धारा 39 के प्रावधान के तहत इन सदस्यों की नियुक्ति की गई है। संस्था की सचिव श्रीमती डॉ.निर्मला गुप्ता ने बताया यह सदस्य सपोर्ट पर्सन की भूमिका के रूप में यौन हिंसा के पीड़ित बच्चों को भावनात्मक मनोवैज्ञानिक और कानूनी सहायता प्रदान करेगा यह भूमिका बेहद संवेदनशील होगी। सपोर्ट पर्सन सुश्री नेता चौरसिया एवं श्रीमती एडवोकेट विभा मिश्रा को 3 वर्ष के लिए नियुक्त किए जाने पर दुर्ग जिले की विभिन्न सामाजिक संगठन धार्मिक संगठन राजनीतिक संगठनों द्वारा उन्हें बधाई दी गई है।

# भारत के समक्ष चुनौतियां पर व्याख्यान देंगे पुष्पेन्द्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारत विकास परिषद दुर्ग इकाई द्वारा 14 जून 2025 को सायं 5 बजे से रोमन पार्क में एक विशेष राष्ट्रचिंतन व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता देश के प्रख्यात राष्ट्रवादी चिंतक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ होगें। जो वर्तमान भारत के समक्ष चुनौतियाँ एवं समाधानः एक राष्ट्रवादी दृष्टिकोण विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

भारत विकास परिषद दुर्ग ईकाई के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता में बताया कि, पांच साल पहले पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ का कार्यक्रम दुर्ग के जलाराम में हुआ था, जिसके बाद वे दूसरी बार 14 जून को पुलगांव के रोमन पार्क कार्यक्रम में आएंगे। अध्यक्ष सुरेश कोठारी ने बताया कि, आज का भारत एक निर्णायक दौर से गुजर रहा है। एक ओर वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा और भूमिका में अभूतपूर्व वृद्धि हो रही है, वहीं दूसरी ओर देश के सामने आंतरिक सामाजिक, वैचारिक और सांस्कृतिक चुनौतियाँ भी उतनी ही गंभीर हैं। इन विषयों को लेकर सारगर्थिक व्याख्यान उनके द्वारा दिया जाएगा। सचिव तुलसी सोनी ने कहा कि, इन्हीं प्रश्नों पर एक संतुलित, तथ्यपूर्ण और राष्ट्रहित-आधारित विमर्श के उद्देश्य से भारत विकास परिषद दुर्ग इकाई यह व्याख्यान आयोजित कर रही है। इसका मुख्य उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि नवयुवकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, बुद्धिजीवियों और नीति निर्माताओं के बीच एक सक्रिय संवाद की शुरुआत करना है, जो भारत के भविष्य की दिशा तय करने में सहायक हो सके। ईकाई के कोषाध्यक्ष हर्ष जैन ने कहा श्री कुलश्रेष्ठ जी ने बीबीसी लंदन, सहारा समय, जी न्यूज़ जैसे प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों में वरिष्ठ पत्रकार के रूप में कार्य किया है। अब वे पूर्ण रूप से सामाजिक और वैचारिक जागरण को समर्पित हैं। उनके व्याख्यान युवा वर्ग में विशेष रूप से लोकप्रिय हैं, क्योंकि वे ऐतिहासिक तथ्यों, समसामयिक संदर्भों और विचारों को अत्यंत सहज लेकिन प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हैं। इस दौरान मीडिया प्रभारी लक्ष्मी वर्मा भी मौजूद रही।

- एक दिवसीय कार्यक्रम में आएंगे पांच साल बाद दुर्ग

# 21 दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन



दुर्ग। खेलगांव खम्हरिया में जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में एथलेटिक्स एवं खो-खो खेल का प्रशिक्षण दिया गया। पीटीआई बालकदास डहरे (पीटीआई सेजस फरीदनगर भिलाई), बी. आर .साहू अंतर्राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स खिलाड़ी एवं कमलेश्वरी (बीपीएड) ने 21 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ी बच्चों को प्रशिक्षण दिया।इस प्रशिक्षण शिविर में खेलगांव खम्हरिया के अलावा पुरई, हनोदा, धनोरा, बोरसी के कुल 55 बालक बालिका खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में समापन समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत खम्हरिया एडवोकेट जिला न्यायालय दुर्ग दुलारी देशलहरा, अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत चंद्रशेखर बंजारे , विशेष अतिथि उपसरपंच खम्हरिया टीकाराम साहू एवं पंच अनिकेत देशलहरे थे।अतिथियों ने प्रशिक्षण में भाग लिए खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स देवघर ठाकुर, समाजसेवी उमेश वाजपेयी, संजय साहू, दुष्यंत कुमार साहू, मोना साहू का योगदान रहा। पूरे प्रशिक्षण शिविर में लोकनाथ साहू, बालकदास डहरे द्वारा गुड़ एवं चना की व्यवस्था खिलाड़ी बच्चों के लिए किया गया था। खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग की ओर से खेल सामग्री भी प्रदान किया गया।

## डीएपी खाद की किल्लत को लेकर कांग्रेस ने भाजपा को घेरा

# धान खरीदी से बचने किसानों को बांट रहे एनपीके खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर बुधवार को फुंडा व मर्रा सोसायटी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे, जहां किसानों को खेती कार्य के लिए बांटे जा रहे खाद व बीज की जानकारी लिया गया।

- विकल्प के तौर पर दे रहे एनपीके खाद

कर्मचारियों ने जिलाध्यक्ष श्री ठाकुर को कहा अंतराष्ट्रीय बाजार में शॉर्टेज की वजह से किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध नही करा पा रहे है।

राकेश ठाकुर ने कहा कि, डीएपी खाद के स्थान पर किसानों को एनपीके खाद पकड़ाया जा रहा है। वहीं अधिकतर सोसायटी में किसानों को बीज तक नही मिल पा रहा है तो कुछ सोसायटी में केवल सरना धान ही उपलब्ध है वो भी काफी देरी से सोसायटी तक पहुंचा। जिलाध्यक्ष श्री ठाकुर ने जब किसानों को बांटे जा रहे खाद देखा तो आश्चर्य में रह गए क्योकि जो खाद धान फसल के लिए बांटा जा रहा है वो खाद धान फसल के लिए है ही नही। श्री ठाकुर ने बताया कि, बांटे जा रहे खाद एनपीके में स्पष्ट रूप से लिखा है कि यह खाद गन्ना, लहसुन, प्याज, चाय, मूंगफली, सरसो, नारियल, तिल, सोयाबीन इत्यादि के लिए है, एनपीके खाद धान की खेती के लिए है ही नही। जिसे भाजपा सरकार किसानों को जबरदस्ती पकड़ा रही है। भाजपा चाहती है कि, किसानों की धान का पैदावार कम हो ताकि किसानों का धान 21 क्विंटल खरीदना न पड़े। निरीक्षण के दौरान युवा कांग्रेस जिला महासचिव अमृत सिंह राजपूत, वेदप्रकाश पाटिल, पालेश्वर ठाकुर, हितेश निर्मलकर सहित किसान मौजूद



### कहा यह खाद अन्य फसल के लिए

श्री ठाकुर ने कहा कि किसानों का धान का फसल कम पैदावार हो सोच कर भाजपा सरकार किसानो के साथ धोखा कर रहा है, पूरा षड्यंत्र 21 क्विंटल धान खरीदी से बचने के लिए है। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने एनपीके खाद के बैग की तश्वीर भी जारी किया है, जिसमे उक्त खाद किसी अन्य फसल के लिए होना उल्लेख है।

### एनपीके खाद में डीएपी के अपेक्षा कम उत्पादन

काँग्रेस जिलाध्यक्ष एवं किसान नेता राकेश ठाकुर ने खाद से संबंधित जानकारी साझा करते हुवे कहा कि, धान की फसल को सबसे ज्यादा फास्फोरस की आवश्यकता होती है, चूंकि की किसानों का पसंदीदा खाद डीएपी है। जिसमें फास्फोरस की मात्रा 46 प्रतिशत होती थी, फास्फोरस की मात्रा सिर्फ 20 प्रतिशत है। किसानों को डीएपी खाद के स्थान पर एनपीके खाद बांटे जाने से किसानों को धान की पैदावार में 30 प्रतिशत तक कम पैदावार होगा, जो किसानों के लिए बहुत बड़ा नुकसान है।

### साढ़ू निकला चोर, 6 लाख रुपए का सामान किया जब्त

भिलाई। मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात को पार करने वाला आरोपी पीड़ित का साढू भाई निकला है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर व सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि रामनगर थाना वैशाली नगर निवासी दुर्गेश महानंद ने पुलिस में शिकायत किया था। चाचा टिकरू महानंद अपने परिवार के साथ उड़िसा 8 जून को गए हुए थे। 10 जून को पीड़ित के चाचा का बेटा कॉल कर बताया कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। मकान में जाकर देखने पर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। मकान से नगदी 11 हजार रुपए, सोना चांदी के जेवरात गायब मिले। खोजबीन करने पर पुलिस ने एक व्यक्ति सोने चांदी के जेवरात को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया।

# टाउनशिप में डेंगू, मलेरिया व डायरिया रोकने के लिए बनी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र में जलजनित बिमारी को लेकर निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा आयुक्त कक्ष में बैठक ली गई। जिसमें जलजनित एवं मौसमी बिमारी को लेकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे एवं बीएसपी के अधिकारियों को निगम के टाउनशिप क्षेत्र में आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए अग्रिम तैयारी कराए जाने, बैक लाइन की सफाई, पुराने एवं जर्जर भवनों में जल भराव के समस्याओं को दूर करने के संबंध में निर्देश दिए । जिससे वर्षा का पानी भराव एवं बैकलाइन के अस्वच्छता से डायरिया, मलेरिया, डेंगू एवं अन्य जलजनित बीमारियों से बचा जा सकें।

आयुक्त पाण्डेय के निर्देश पर वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के. के. सिंह द्वारा अपने दल के साथ वार्ड 32 बैकुंठधाम, कुम्हारपारा में जल जनित रोग दस्त, उल्टी-दस्त से बचाव के लिए निगम का विशेष दस्ता 42 घरों में संपर्क कर 194 सदस्यों से आवश्यक पूछताछ की। वर्तमान में दस्त-उल्टी-दस्त के केस नहीं पाए गए। सभी सर्वेक्षित घरों में पानी उबालकर, ठंडा कर सेवन करने एवं बाजार के अस्वास्थ्यकर बासी एवं सड़े गले फल सब्जी का सेवन नहीं करने संबंधी स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। सभी सर्वेक्षित 42 घरों में जल शुद्धिकरण हेतु 500 नग क्लोरीन टेबलेट वितरण कार्य किया गया।

## बीएसपी, निगम व जिला स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक

### बीएसपी कराएगा 120 स्वच्छता कर्मी

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा डेंगू की रोकथाम हेतु घर-घर सर्वे किए जाने हेतु जन जागरूकता लाने 120 स्वच्छता कर्मचारी उपलब्ध कराने जिसका भुगतान भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा किया जावेगा। भुगतान श्रम आयुक्त के दर पर बीएसपी द्वारा किया जाएगा। भिलाई इस्पात संयंत्र की मकानों के बैकलेन की साफ-सफाई, कचरा कलेक्शन हेतु वाहन एवं अन्य संसाधन भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा किया जाएगा। साथ ही बीएसपी के पुराने बिल्डिंग जहां पर जल भराव की स्थिति निर्मित हो रही है, उसको तोड़ने की कार्यवाही के लिए आयुक्त से मांग की गई है। जिससे छत पर जलभराव से जलजनित बीमारी फैलने की ज्यादा संभावना बनी हुई है। उसको रोकने के सुगम उपाय किया जावे।




### ये अधिकारी हुए शामिल

समीक्षा बैठक के दौरान बीएसपी महाप्रबंधक के. के. यादव, वरिष्ठ प्रबंधक रमेश गुप्ता, सहायक प्रबंधक देवानंद चौहान, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व्ही. के. सामुएल उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर 13 और 14 को

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के जेएलएन चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के ब्लड सेंटर द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस पर 13 और 14 जून को दो दिवसीय जागरूकता एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। दिनांक 13 जून चिकित्सालय के ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर व 14 जून को ब्लड ट्रांसफ्यूजन अपडेट शीर्षक पर आधारित एक सतत चिकित्सीय शिक्षा कार्यक्रम (सी एस ई) आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक रविंद्रनाथ एम,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेंद्र ठाकुर, डां. विनीता द्विवेदी, डां. उदय कुमार डां. सौरव मुखर्जी ड. मनीषा कांगो, एसीएमओ एवं प्रभारी, कंसल्टेंट राजू भैसारे, गुरमीत सिंह, डां.प्रिया साहू, कंसल्टेंट डां. प्रतीक शिवप्पा तथा कंसल्टेंट व डां. दीपक दाशमोहापत्र उपस्थित रहेंगे। सीएसई कार्यक्रम में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स गुवाहाटी से डां. गोपाल कृष्ण राय व बाल्को मेडिकल सेंटर, रायपुर से डां. नीलेश जैन व्याख्यान देंगे।

### अवैध निर्माण रोकने की मांग

**भिलाई।** जोन क्रमांक 4 खुर्सीपार भिलाई के वार्ड 40 अंकुश चौक निवासी चंद्रशेखर तिवारी ने अपने मकान के दीवार किनारे निकासी नाली का अवैध निर्माण की शिकायत भिलाई निगम में की है। उनकी शिकायत है कि इससे उनके दीवार में सीपेज आ रही है और यह गिर सकता है। दीवार से सटाकर अबरार खान नामक व्यक्ति द्वारा मकान बनाया जा रहा है। इसके लिए मेरे दीवार को छील दिया गया है। इसलिए दुघर्टना की आशंका है।

### सलाहकार समिति में सुनी और शंकर बने सदस्य

**भिलाई।** रेलवे द्वारा रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति की सूची जारी की गई। पावर हाउस रेलवे स्टेशन के लिए उपभोक्ता सलाहकार समिति सूची में शंकर सचदेव और सुनील मिश्रा को सदस्य बनाया गया है। उनके अलावा शिरीष अग्रवाल, अंजन कुमार द्विवेदी एवं विष्णु चंद्राकर को भी शामिल किया गया है। सलाहकार समिति रेलवे को पावर हाउस रेलवे स्टेशन व रेलवे से जुड़े सुझाव व सलाह दे सकेगी। सुनील मिश्रा व शंकर सचदेव ने बताया कि बतौर सलाहकार समिति सदस्य हम सभी सदस्यों का प्रयास होगा कि शहर के रेल यात्रियों की सुविधाओ व समस्याओ को रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर निराकरण का प्रयास करना व स्टेशन में सुविधाओं पर अपने सुझाव प्रेषित करना व सुविधाओं को बढ़ाना।

## रेल मंत्री और डीआरएम से सुविधाएं बहाल किए जाने की मांग

# पावरहाउस स्टेशन में दो रिजर्वेशन काउंटर बंद होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

पावर हाउस रेलवे स्टेशन में रेलवे द्वारा पुनर्विकास के दौरान कुछ सुविधाओं को बंद किए जाने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर टउनशिप की ओर प्लेटफार्म 3 और 4 की तरफ से आने वाले सीनियर सिटीजन और दिव्यांग मुसाफिरों को प्लेटफार्म 1 व टिकट आरक्षण काउंटर में आने के दौरान दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। इस मामले में कांग्रेसजनों ने रेल मंत्री और डीआरएम को पत्र भेजकर राहत प्रदान करने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री की देश के 750 स्टेशनों को मांडल बनाने की योजना के तहत यहां पावर हाउस स्टेशन का पुनर्विकास कार्य जारी है। इस स्टेशन के पुनरुद्धार से शहर के लोग वर्षों से हाल्टिंग सेंटर के रुप में उपेक्षित इस स्टेशन में सहूलियतें बढ़ने की उम्मीद से खुश हैं। लेकिन निर्माण कार्य के दौरान पहले से उपलब्ध कुछ जरुरी सुविधाओं को बंद कर दिए जाने से इस स्टेशन से यात्रा करने वाले शहर और आसपास के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने रेल मंत्री और डीआरएम व संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर बताया कि पावर हाउस स्टेशन में डिजीटर सेवा के नाम पर दो टिकट आरक्षण काउंटर, रैंप और एक गेट को बंद कर दिया गया है। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए इन पूर्व की सुविधाओं को बहाल कराया जाए। पावर हाउस स्टेशन में करोड़ों की लागत से पुननिर्माण किया जा रहा है लेकिन यहां पूर्व से चल रहे तीन में से दो रिजर्वेशन टिकट काउंटर 5 व 6 को 15 मार्च से बंद कर देने से यात्रियों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। एक का काउंटर पर टिकट व एटीएम आनलाइन टिकट दिया जा रहा है। इससे लंबी लाइनें लग रही हैं । दोनों रिजर्वेशन काउंटर को जल्द शुरु किए जाने की मांग की गई है। इसके अलावा स्टेशन में ओवरब्रिज साइड में एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म में शारीरिक रुप से कमजोर यात्रियों को व्हीलचेयर पर लाने ले जाने के लिए ट्रैक पर से रैंप बनाया गया था। स्टेशन के पुननिर्माण के दौरान रेलवे द्वारा रैंप को भी बंद कर देने से बुजुर्ग, बीमार और दिव्यांग मुसाफिरों को लाने ले जाने में भारी दिक्कतें हो रही हैं। रैंप उखाड़ देने से परिजनों व कुलियों को व्हीलचेयर को रेलवे लाइन पर उठाकर ले जाना पड़ रहा है। रैंप सुविधा को जल्द बहाल किए जाने की मांग की गई है।

### रैंप टूटने से दिव्यांग परेशान



### स्टेशन में एक ही मेन गेट से दिक्कतें

पावरहाउस स्टेशन के अंदर आवाजाही के लिए रेलेवे द्वारा एक ही मेन गेट का निर्माण किया गया है। जबकि पूर्व में यहां दो गेट थे। अन्य स्टेशनों में दो गेट हैं। श्री ताम्रकार ने बताया कि सामान्य दिनों के साथ आग लगने या दुर्घटना आदि आपातकाल की स्थिति में दूसरा गेट नहीं होने से विकट समस्या उत्पन्न हो जाएगी। वहीं एक गेट होने से सामान्य यात्रियों के साथ वृद्ध,दिव्यांग और अस्वस्थ मुसाफिरों को भी एक गेट से आवाजाही करने से परेशानी हो रही है। समस्या को देखते हुए यहां दूसरा गेट निर्माण करने या छोटा रिवाल्विंग गेट बनाए जाने की मांग की गई है। पूर्व में यहां फुटओवर ब्रिज के निकट गेट था, जिसे बंद कर दिया गया है जीई रोड तक सड़क भी बनी हुई है। अब यात्रियों को घूमकर आना पड रहा है।

# पेयजल आपूर्ति वाले पाइपों पर भी नजर रखें: सीएमओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिका परिषद जामुल में सीएमओ सीमा बक्शी ने बारिश के पहले क्षेत्र में सफाई कार्यो को गंभीरता से लिया है। इसे लेकर पालिका क्षेत्र में विशेष सफाई जारी है। यहां के बड़े नालो, मुख्य निकासी नालियो को अतिरिक्त सफाई कर्मी लगाकर पूर्ण रूप से साफ किया जा रहा है। बुधवार की सुबह सीएमओ सीमा बक्शी ने वार्ड 2 के निचली बस्तियो में चल रहे सफाई कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान श्रीमती बक्शी ने सफाई सुपरवाईजरो को निर्देशित किया कि क्षेत्र के सभी वार्डो में पूर्ण रूप से सफाई हो। नाली जाम या जल भराव की स्थिति नहीं आनी चाहिए। अन्यथा ऐसी स्थिति में जल जनित्र कई बीमारियां होने की संभावन होती है। बचाव के लिए अनिवार्य रूप से मैलाथियान या अन्य आवश्यक दवाईयो का छिड़काव भी करे। सीएमओ ने बताया कि पंप हाऊस हैण्ड पंप है उसके आस पास ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करे। नालियो से कचड़ा निकालने के बाद उसे शीघ्र ही उठावे। बरसात का मौसम आने वाला है इसलिए सफाई कार्य, पेयजल पर विशेष ध्यान देवे। निरीक्षण के दौरान सफाई सुपरवाईजर बशीर खान, रमेश मारकण्डेय, दयालु जंघेल मौजूद थे।

- जामुल पालिका क्षेत्र के किया निरीक्षण

### पानी का परीक्षण लगातार करें

सीएमओ सीमा बक्शी ने कहा कि पानी प्रदूषित न हो इसके लिए पानी का परीक्षण लगातार कराए। रिपोर्ट के अनुसार क्लोरिन एलम एवं अन्य दवाई की व्यवस्था पहले से करके रखे। बरसात के मौसम में पानी के गुणवत्ता, स्वरूप में परिवर्तन संभावित होता है। जिससे स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ता है। इससे बचाव के लिए नियमित रूप से निगरानी करे। सभी फील्ड सुपरवाईजर सफाई के साथ पेयजल आपूर्ति वाले पाइपो पर भी नजर रखे। जिस पर किसी भी प्रकार का कचड़ा डम्प न हो।

## चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स में भिलाई संयंत्र प्रथम उपविजेता




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) रांची में आयोजित अंतर-संयंत्र प्रतियोगिता चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स (सीटीवाईएम) में भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) की युवा प्रबंधकों की टीम ने प्रथम उपविजेता का सम्मान प्राप्त किया है।सेल में सुरक्षा संस्कृति का रूपांतरण - आगे की राह विषय केंद्रित प्रतियोगिता में बीएसपी टीम ने शोधपत्र प्रस्तुत किया था। बीएसपी की टीम में उप महाप्रबंधक स्वाति प्रदीप, अविनाश दुबे तथा सहायक प्रबंधक स्टीविन जॉर्ज शामिल थे। प्रतियोगिता में सेल की विभिन्न एकीकृत इस्पात संयंत्रों और उत्पादन इकाइयों के युवा अधिकारियों ने भाग लिया। प्रथम स्थान बोकारो इस्पात संयंत्र व द्वितीय उपविजेता इस्को इस्पात संयंत्र की टीम रही।

# टाउनशिप में आम और जामुन तोड़ने हरे-भरे पेड़ों को पहुंचा रहे हैं नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी टाउनशिप अपने शांत और नीट एंड क्लीन माहौल के साथ चारों ओर फैली हरियाली के लिए भी जानी जाती है। लाखों की संख्या में सघन छायादार और फलदार पेड़ पर्यावरण से भी लोगों को सुकून दे रहे हैं। लेकिन इन दिनों पटरीपार के सीजनल धंधा करने वालों के लिए अतिरिक्त आय का जरिया बने यहां के मौसमी फलों के पेड़ों की पर्यावरण सुरक्षा को लेकर लोगों की चिंता का विषय बने हुए हैं। सड़कों के किनारे पब्लिक प्लेस और नर्सरी आदि में लगे कई आम और जामुन के पेड़ों को कई लोग फल बेचने के लिए क्षति पहुंचा रहे हैं। टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में हजारों आम और जामुन के पेड़ लगे हैं। कई पेड़ रहवासियों के घरों के बाहर सड़कों दफ्तरों, मैदानों और नर्सरी आदि में भी हैं। पिछले हफ्ते दस दिन से गांवों और पटरीपार के कुछ सीजनल लोग जामुन और आम बेचने के लिए इन फलों को तोड़ने सक्रिय हैं। सेक्टर 6, सेक्टर 8, 3 और सेक्टर 7 व मड़ौदा सेक्टर व उतई रोड पेट्रोल पंप पीछे आदि में रोज सुबह से दोपहर तक लोग पेड़ों पर चढ़कर बड़ी मात्रा में आम व जामुन तोड़ने के साथ पेड़ों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई पेशेवर लोग 8-10 के ग्रुपों में सायकल दोपहिया के साथ डिलेवरी आटो में बांस, कुल्हाड़ी, तिरपाल से लैस होते हैं। ऊंची डालियों तक नहीं पहुंच पाने से फलदार डालियों को भी काट दे रहे हैं। रोज पचासों सैकड़ों किलो कच्चे व पके आम तथा जामुन तोड़ कर बेच रहे हैं। रहवासियों के मना करने पर विवाद भी करते हैं। पर्यावरण प्रेमियों ने बताया कि अपनी रोजीरोटी के लिए लोग जामुन व आम आदि तोड़े लेकिन हरेभरे पेडों को क्षति न पहुंचाएं। बीएसपी के उद्यान विभाग को इस ओर ध्यान दिए जाने की जरुरत है।

- समूहों में सक्रिय हैं मौसमी फल बेचने वाले, फलदार डालियों को तोड़ रहे



## निगम में कमीशनखोरी खत्म, हल्लेबाजों को विधायक देवेंद्र दे रहे समर्थन: अरोरा

**भिलाई।** भाजपा नेता व पूर्व सभापति राजेन्द्र अरोरा ने कांग्रेस पार्षदों के अनिश्चितकालीन धरना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 14 से 18 प्रतिशत कमीशन लेने का आदि हो चुके कांग्रेस के नेताओं को नगर निगम कार्यप्रणाली पसन्द नहीं आ रही है। कांग्रेस के शासनकाल में एकल पद्धति भ्रष्टाचार चलाने वाले विधायक ,पूर्व महापौर देवेन्द्र यादव के मुंह से ईमानदारी की बात अच्छी नहीं लगती। 2018 के बाद कांग्रेस की शासनकाल के दौरान पूरे 5 साल नगर निगम में व्याप्त गड़बड़ी और अनियमितता चरम सीमा पर थी। खुले तौर पर 14 से 18 प्रतिशत कमीशन ठेकेदारों से वसूला जा रहा था। नगर निगम की सम्पत्तियों को बेचकर अवैध उगाई की गई। काग्रेस की शासनकाल में आम जनता की सुनवाई नही थी, भाजपा की सरकार बनने के बाद ही नगर निगम की प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त हुई है। निगम की व्यवस्था सुधरने के बाद कमीशनबाजों को निगम के काम-काज से परेशानी हो रही है। जिसके कारण लोग हल्ला मचा रहें है और हल्लाबाजों को विधायक समर्थन दे रहे हैं।

- कांग्रेस पार्षदों के धरने पर पूर्व सभापति राजेन्द अरोरा का आरोप

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
TEAM CREATIVE
भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम–दानीटोला, पोस्ट–भैसबोड़
तहसील–डौंडी, जिला–बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

## पेज 11 के शेष

### कुख्यात शराब माफिया देवव्रत ...

ने रनचिरई थाना मे आत्मसमर्पण कर दिया। लेकिन बताते है कि देवब्रत की मौत से पुलिस प्रशासन के कुछ लोग इतने दुखी हुए कि उन्होने सुदामा के लिए खाना लेकर गए उसके पुत्र को भी रात्रि मे थाने मे रोक लिया, जिसे गुरूवार को दोपहर तक नही छोड़ा गया था।

ग्रामीणो ने बताया आरोपी सुदामा ठाकुर एवं मृतक देवब्रत के मध्य थाने मे शिकायत करने को लेकर मारपीट हो गई इसमे देवब्रत की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले की शुरूवात ग्राम रजोली मे प्रशासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार के समाधान शिविर से हुई। शिविर मे ग्रामीणो ने देवब्रत के आतंक की बात भाजपा नेताओ को बताई। भाजपा नेताओ ने शिविर के मंच से मामले को उठाते हुए कार्यवाही की बात कही, प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार रनरिचरई थाना प्रभारी मंद मंद मुस्कुरा रही थी, इस मुस्कान पर भी भाजपा नेताओ ने मंच से आवाज उठाई। लेकिन मामले मे शिविर के एक पखवाड़े बाद भी पुलिस प्रशासन ने कार्यवाही नही की।

### गांजा-शराब की अवैध बिक्री ...

वहां से उसने खुटेरी के ग्रामीणो को फोन किया। उनके आने के बाद सभी रनचिरई थाना रिपोर्ट दर्ज कराने गए। जहां देवब्रत के खिलाफ अपराध कायम हो गया। लेकिन पुलिस प्रशासन ने देवब्रत को गिरफ्तार नही किया। ग्रामीणो ने बताया इधर शिकायत से बौखलाए देवब्रत 11 जून को सुबह से ही सुदामा की तलाश कर रहा था। सुदामा 11 जून को दिन भर छुपा छुपा रहा, लेकिन शाम को दोनो की भेंट हो गई एवं देवब्रत सुदामा को पीटने लगा, इस मारपीट मे देवब्रत की मौत हो गई।

**मारपीट कर लूटपाट करता था:** ग्राम खुटेरी के सरपंच गजपति साहू ने कहा मृतक बीते एक दशक से क्षेत्र मे दहशत फैला रहा था। उसके नाम से दहशत का महौल था। उसने महिला कमांडो के साथ भी दुर्व्यवहार किया था। ग्राम वरिष्ठ नागरिक हगरूराम निर्मलकर ने बताया मृतक ने पूर्व मे कई ग्रामीणो से मारपीट की, उसके डर से कोई शिकायत नही करता था। अब तक वह 10–12 लोगो से मारपीट कर चुका था। पहली बार सुदामा ने शिकायत की। उपसरपंच खुटेरी मोतीराम साहू ने कहा वह बाहर से ग्राम मे व्यवसाय करने आने वालो से प्रायः मारपीट कर लूटपाट करता था पर उसके डर से कोई शिकायत नही करता था।

### दल्ली से मधु चौक तक ...

से रास्ता बाधित होगा। इस मार्ग मे पहले ही नाली निर्माण हो चुका है। सड़क की भौगोलिक स्थिति डिवाईडर के अनुरूप नही है। क्योकि मार्ग के किनारे कई पुराने बड़े वृक्ष है तथा डिवाडर लगने पर पार्किंग की समस्या होगी, चूकि नगर पालिका ने अब तक नगर मे पार्किग को लेकर कोई स्थायी व्यवस्था नही की है। आधी अधुरी तैयारी के साथ विकास कार्यो को बढ़ाना नगर के लिए घातक सिद्व होगा। डिवाईडर बनने से दुर्घटना की आशंका भी बढ़ेगी।

### ई रिक्शा से टक्कर में बाइक ...

की गई है। ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक ढ़ोलक बजाने व कलाकार था तथा अपने मेहनत के दम पर क्षेत्र मे अपनी पहचान बना रहा था, लेकिन उसके अचानक सड़क दुर्घटना मे मौत हो से क्षेत्र मे शोक व्याप्त है।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### वत्स समेत भैंस कुएं में गिरी ग्रामीणों ने श्रम से निकाला

**गुण्डरदेही।** ग्राम फुंडा बोरगहन में बुधवार को एक भैंस और उनका बछड़ा कुएं में गिर गया, जिसको ग्राम फुंडा के ग्रामीणो ने मिलकर ट्रेक्टर के सहारे रस्सी से खींचकर बाहर निकाला। ग्रामीणो की सजगता से भैंस को सुरक्षित निकाल लिया गया। लेकिन उनके बच्चे की मौत हो गई। इस कार्य मे समाजसेवी चंदन साहू, बिसौहा ठाकुर, हिमेंद्र साहू, भागीरथी, कामता, अंजू साहू, अशोक चंद्राकर का विशेष सहयोग रहा।

### शिविर में दिव्यांगों का 35 पंजीयन किया गया



**अंडा।** जिला कलेक्टर दुर्ग के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में 12 जून को सिकल सेल दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रमाणिकरण शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में किया गया है जिसमें 35 हितग्राहियो का पंजीकरण किया गया जिसमें 21 हितग्राही का दस्तावेज समाज कल्याण विभाग को सौंपा गया है । उक्त शिविर में जिला चिकित्सालय दुर्ग से डॉ तृप्ति तिवारी मेडीसिन विशेषज्ञ ,डॉ मनीषा ठाकुर शिशु रोग विशेषज्ञ एवं कंसलटेन्ट प्रितिका पवार उपस्थित रहे ।उक्त शिविर में डॉ एन एल बंजारे खण्ड चिकित्सा अधिकारी ,डॉ साक्षी ठाकुर चिकित्सा अधिकारी, जी आर भूआर्य बी ई टी ओ, श्रीमती तृप्ति तिवारी आर एम ए, श्री राजेन्द्र वर्मा बी पी एम, श्री अमरेश श्रीवास्तव सुपरवाइजर,श्रीमती ललिता वर्मा महिला सुपरवाइजर, श्रीमती रत्ना कुहिकर सुपरवाइजर, श्री तुलसी राम यादव आर एच ओ, समस्त मितानिन ग्राम निकुम एवं श्री रजनीश डडसेना समाज कल्याण विभाग जिला दुर्ग का विशेष सहयोग रहा।

### न्यायालय परिसर डिजिटाईजेशन एवं स्कैनिंग कक्ष की स्थापित

**बालोद।** जिला न्यायालय भवन परिसर बालोद में डिजिटाईजेशन एवं स्कैनिंग कक्ष स्थापित किया गया है। जिसका शुभारंभ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा एवं पोर्टफोलियो न्यायाधीश पार्थ प्रतीम साहू की वर्चुअली उपस्थिति में 18 जून को सुबह 09 बजे किया जाएगा। प्रधान जिला एंव सत्र न्यायधीश बालोद ने बताया कि रजिस्ट्री बिलासपुर के निर्देशानुसार न्यायिक जिला स्थापना बालोद के समस्त लंबित एवं निराकृत प्रकरणों (दांडिक एवं सिविल) का डिजिटाईजेशन एवं स्कैनिंग कार्य किया जाना है, जिस हेतु जिला न्यायालय भवन परिसर बालोद में डिजिटाईजेशन एवं स्कैनिंग कक्ष स्थापित किया गया है।

### बड़े भाई की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** संपत्ति विवाद के बाद छोटे भाई ने अपने ही सगे बड़े भाई को टंगिया से सिर पर वार कर मंगलवार की रात मौत के घाट उतार दिया।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई

# मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों पर केंद्रित प्रदर्शनी का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महामंत्री ने बालोद में मोदी सरकार की उपलब्धियां पर प्रदर्शनी का लोकार्पण किया।

भारतीय जनता पाटएँ जिला बालोद द्वारा मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान रामू रोहरा ने मोदी सरकार के 11 वर्षों की नीतियों, योजनाओं और ऐतिहासिक उपलब्धियों का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है और आज देश आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि की दिशा में आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है। यह 11 वर्षों की यात्र 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम और प्रधानमंत्री के संकल्प के साथ संभव हो सकी है। रामू रोहरा ने कहा 11 साल का यह सफर केवल सरकार की योजनाओं का नहीं, बल्कि एक नए भारत के आत्मविश्वास, नवाचार और विकास का प्रतीक है। पहले 'यह नहीं हो सकता' की सोच थी, अब 'यह जरूर होगा' का विश्वास है। उन्होंने कांग्रेस के 70 वर्षों के शासनकाल की तुलना में मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को उजागर करते हुए कहा कि आज देश में भ्रष्टाचार की जगह विकास की चर्चा होती है। अब योजनाओं का लाभ सीधे जनता के खातों में पहुँचता है, देश चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। 11 साल मे प्रमुख उपलब्धियो मे धारा 370 की समाप्ति, तीन तलाक पर प्रतिबंध, जीएसटी लागू, पीएम गरीब कल्याण योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, ऑपरेशन सिंदूर भारत के साहस और संकल्प का प्रतीक है।

■ कांग्रेस के 70 साल के शासन के मुकाबले में मोदी के 11 साल भारी

### देश अंधेरे से उजाले की ओर

जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्षों ने देश को अंधकार से उजाले, निराशा से आशा और भ्रष्टाचार से सुशासन तक पहुँचाया है। इस अवसर पर मोदी सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की एक प्रदर्शनी रखी गई, जिसे दीप प्रज्वलित कर प्रदेश भाजपा महामंत्री रामू रोहरा एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा सहित जिले के वरिष्ठ नेताओं ने आरंभ किया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू तथा अध्यक्ष कृष्ण कांत पवार ,प्रदेश प्रवक्ता देव लाल ठाकुर ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिषेक शुक्ला, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ,सह संयोजिका ललिता पीमन साहू, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया सहित कार्यक्रम में जिले एवं मंडल के भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# ग्राम बघमरा महिला हत्याकांड में बहू खेलश्वरी देवांगन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



बघमरा में हुए महिला हत्याकांड मे मृतिका सास की बहु ही कातिल निकली। बालोद पुलिस को बहुत कम समय में हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने में सफलता मिली। ग्राम बघमरा कोष्टापारा वार्ड नं0 12 थाना व जिला–बालोद निवासी आरोपी खिलेश्वरी देवांगन पति टूकेन्द्र देवांगन 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है।

थाना बालोद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बघमरा मे 10 जून को गीता देवांगन नामक महिला खून से लथपथ घर में पड़ी हुई मिली, पुलिस द्वारा मृतिका के शव एवं मकान का बारीकी से निरीक्षण किया गया एवं घर वालों से और आस पड़ोस से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर मृतिका की बहु खिलेश्वरी देवांगन पर बालोद पुलिस को पहली संदेह हुआ जिसको हिरासत में लिया गया।

थाना बालोद के द्वारा हत्या की गुत्थी सुलझाने संदेही बहु से बार–बार पूछताछ करने पर मृतिका की बहु खिलेश्वरी देवांगन द्वारा बताया गया कि मेरी सास गीता बाई देवांगन के द्वारा आए दिन बांझ निःसंतान हो, आज तक बच्चा पैदा नहीं कर सके, तुम बोझ हो, कहकर ताना मारती थी और अपने पुत्र को मुझे छोड़ने के लिए भड़काती थी, मेरे पति अपनी मां के बातों में आकर आये दिन मुझसे लड़ाई झगडा करता था। 10 जून को भी उसी बात को लेकर पुनः झगड़ा कर रही थी, तब मुझे बहुत गुस्सा आया और मैं हाथ के पास रखे हसिया से पहले उसके पैर, फिर चेहरा, जहां दिखा वहाँ बार–बार मारने लगी। मेरी सास लेटे–लेटे अपने हाथ से रोकने का प्रयास कर रही थी, मैं हंसिया से मारते जा रही थी जब मेरी सास मर गई तब मैं कुछ देर वहां बैठकर सोचती रही, उसके बाद मोहल्ले वालों को जाकर बताइ कि मेरी सास खुद को चाकू मार कर बेहोश हो गई है। आरोपी महिला द्वारा घटना करना स्वीकार करने पर थाना बालोद पुलिस के द्वारा विधि पूर्वक गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

■ सास के बांझ होने का ताना देने से परेशान होकर की थी हत्या

# गुरूर शराब दुकान में मिलावटखोरी उजागर व्हीस्की की कई बोतलों के होलोग्राम क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जिले के गुरूर से शराब दुकान मे मिलावटखोरी का मामला सामने आया था जिसके बाद अब दुर्ग उड़नदस्ता टीम ने औचक निरीक्षक कर दबिश दी। इस दौरान व्हीस्की की एक पेटी की बोतलो के होलोग्राम क्षतिग्रस्त मिला। साथ ही जांच करने पर मिलावट पाया गया।

दरअसल मामला को संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने गुरूवार को गुरूर स्थित देशी विदेशी कंपोजिट शराब दुकान का निरीक्षण किया था। इस दौरान आफ्टर डार्क लक्जरी व्हीस्की के ढक्कन ढीला, होलोग्राम क्षतिग्रस्त पाया गया। साथ ही दुकान मे रखी 10 पेटी आफ्टर डार्क लक्जरी व्हीस्की की बोतलो का निरीक्षण किया गया। जिसमे एक पेटी जिसमे 12 बोतल होते है सभी की थर्मामीटर और हाईड्रोमीटर से जांच करने पर मिलावट मिला। जबकि शेश 9 पेटी मे कोई गड़बड़ी नही मिली। आफ्टर डार्क लक्जरी व्हीस्की की गुरूर मे मांग न्यूनतम है।

बताया जा रहा है कि दुकान मे स्थित आफ्टर डार्क लक्जरी व्हीस्की लगभग 2 माह से ज्यो की त्यो रखी हुई है। इसकी मांग गुरूर क्षेत्र मे नही है ऐसे मे बड़ा सवाल उठता है कि यदि कर्मचारियो को ही शराब मे मिलावट करना होता तो वे ऐसे ब्रांड को क्यो चुनते जिसकी बिक्री ही लगभग शून्य है। मामले मे उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता है। जिससे सच्चाई सामने आ सके।

■ दुर्ग उड़नदस्ते ने दबिश दी, कई बोतलों के ढक्कन ढीले मिले

### पूर्व में भी शिकायत मिली थी

बता दे कि गुरूर की शराब दुकान मे लगभग एक वर्ष पूर्व देशी प्लेन मे भी पानी मिलावट की शिकायत दुकान के कर्मचारियो को प्राप्त हुई थी, तब कर्मचारियो ने इसकी जानकारी विभाग को दी थी उसके बाद विभाग द्वारा की गई जांच मे देशी प्लेन मे पानी मिलावट की पुष्टि होने पर लगभग 200 पेटी देशी शराब को विक्रय से प्रतिबंधित कर दिया गया था। लगभग 1 साल से वहां माल पड़ा हुआ है। चूकि शराब दुकान की कर्मचारियो की सजगता से मामला तो उजागर हो गया लेकिन लगभग 200 पेटी माल जाम हो गया। वर्तमान मामले को इससे जोड़कर देखा जा रहा है। मामले मे विस्तृत जांच से ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बहरहाल मामले मे अब तक कोई अपराधिक मामला कायम नही किया गया है।

# संवैधानिक हक की मांग को लेकर अजजा वर्ग ने किया प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नया रायपुर स्थित तूता मैदान में भव्य एवं अनुशासित राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया, जिसका केंद्रीय विषय था संविधानिक हक और अधिकारों की प्राप्ति। इस आंदोलन में प्रदेश भर से हजारों की संख्या में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ डौंडीलोहारा की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस ऐतिहासिक धरना प्रदर्शन में सक्रिय सहभागिता कर सामाजिक न्याय की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह आंदोलन केवल व्यक्तिगत अधिकारों की नहीं, बल्कि पूरे समाज के हक की आवाज़ है। संवैधानिक प्रावधानों के तहत मिलने वाले अधिकारों की पूर्ण रूप से रक्षा और लागू करने की मांग को लेकर यह प्रदर्शन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित सभी वक्ताओं ने सरकार से अनुसूचित जनजाति वर्ग के शासकीय सेवकों के हित में ठोस नीति निर्माण करने, सेवा संबंधी विसंगतियों को दूर करने, तथा आरक्षण, पदोन्नति, स्थानांतरण जैसे मुद्दों पर न्यायोचित निर्णय लेने की माँग की। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुआ, जो एकजुटता, जागरूकता और संविधान के प्रति आस्था का परिचायक रहा। आंदोलन में मुख्य रूप से संघ अध्यक्ष नेमसिंह ठाकुर, दयालु राम पिकेश्वर, भुवन सिंह ठाकुर, ललित भुआर्य, पदुम सिंह तारेन्द्र, अशोक राणा, संतराम ठाकुर, कार्तिक राम रात्रे, ओमप्रकाश पाथरे, महावीर भुआर्य, संजय नायक, गणेश राम भुआर्य, खेम लाल ठाकुर, ढाल सिंह ठाकुर, बैद्यनाथ ठाकुर, टीकम सिंह गोरे एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। उक्त जानकारी संघ के सचिव महेश कोलियारे ने दी।

# राज्य खेल अंलकरण पुरस्कार के लिए आवेदन 26 तक आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

खेल एवं युवा कल्याण विभाग राज्य खेल अंलकरण पुरस्कार हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 जून 2025 तक निर्धारित की गई है। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2023–24 में एवं वर्ष 2024–25 में जिन खिलाडियों ने सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे पदक प्राप्त किया है ऐसे खिलाड़ी जिला कार्यालय एवं अपने खेल संघो आवेदन फार्म प्राप्त कर निर्धारित अंतिम तिथि 26 जून 2025 तक संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ रायपुर अथवा कार्यालय खेल अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित खेल एवं युवा कल्याण बालोद में कार्यालयीन समय में अपना आवेदन निर्धारित दस्तावेज सहित जमा कर सकते है। इसी प्रकार उक्त वर्षों में खेल वृत्ति (डाईट मनी) के लिये जिन खिलाड़ियों ने अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया हो खेलवृत्ति हेतु आवेदन कर सकेंगें। उन्होंने बताया कि खेलवृत्ति हेतु अधिकतम आयु 19 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। खेल संघो से प्रोत्साहन के लिए उनके द्वारा वर्ष 2023–24 में एवं वर्ष 2024–25 मे अर्जित की गई उपलब्धि के लिए प्रेरणा निधि के आवेदन जिला कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा कर सकेंगें। इसके साथ ही खिलाड़ी को एक से अधिक अलंकरण, सम्मान हेतु पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्रें का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी खेल विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

### अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया हो

उल्लेखनीय है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाडियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है, जिनके द्वारा राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया गया हो या अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो।

# शिक्षा विभाग की युक्तियुक्तकरण नीति शिक्षकों के लिए सिर्फ मानसिक प्रताड़ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं जिला अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने बताया है कि युक्तियुक्तकरण की आड़ में शिक्षकों को मानसिक प्रताड़ना दिया जा रहा है। प्रदेश के लगभग सभी जिलों में युक्तियुक्तकरण की आड़ में स्थानांतरण का खेल चल रहा है। शिक्षकों का आर्थिक शोषण हो रहा है। फेडरेशन का कहना है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के अधीन छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार समय-समय पर प्रकाशित शिक्षा विभाग के सेवा भर्ती पदोन्नति नियमों (छत्तीसगढ़ राजपत्र) के अनुसूची-एक में कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) नियुक्ति प्राधिकारी नहीं हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा भर्ती नियमों (छत्तीसगढ़ राजपत्र) के नियम-6 में भर्ती के तरीका में प्रकार (क) चयन/सीधी भर्ती (ख) पदोन्नति (ग) स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति (घ) संविलयन द्वारा का उल्लेख है।

**युक्तियुक्तकरण सूची में गड़बड़ी व पक्षपात :** फेडरेशन का कहना है कि राज्य के लगभग सभी जिलों तथा विकासखंड कार्यालयों में तैयार किये गये युक्तियुक्तकरण सूची में व्यापक गड़बड़ी अथवा पक्षपात अथवा नियमों का मनमर्जी व्याख्या करने का मामला उजागर हो रहा है। जारी किये जा रहे आदेश,एक प्रकार से शिक्षकों को काला पानी की सजा दिया गया है।यहाँ तक कि कैंसर जैसे गंभीर बीमारी/शारिरिक अस्वस्थता से ग्रसित शिक्षकों को दुर्गम स्थानों के विद्यालयों में भेजकर अमानवीय व्यवहार किया गया है।कहीं पर विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक संवर्ग के नियुक्ति का आधार विषय के आधार पर अतिशेष का गणना किया गया है तो कहीं पढ़ाये जा रहे विषय के आधार पर अतिशेष चिन्हांकन विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालयों में किया गया है।जिसके कारण निलंबन की कार्यवाही करना पड़ रहा है। प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षकों के कार्यभार ग्रहण दिनाँक के आधार पर कनिष्ठतम के निर्धारण में हेराफेरी हुआ है। मिडिल स्कूल में विषय शिक्षकों (प्रधानपाठक सहित) का चक्रानुक्रम (1)अंग्रेजी(2)गणित (3)कला (4) विज्ञान (5) हिंदी (6) संस्कृत/उर्दू/वाणिज्य का मनमानी व्याख्या कर अतिशेष किया गया है। गौरतलब है कि मिडिल स्कूल में वाणिज्य विषय ही नहीं है। लेकिन इस विषय के आधार पर अतिशेष के गणना में बचाया गया है। हाई/हायर सेकंडरी स्कूल(udise) में विषयवार स्वीकृत पदों में कार्यरत व्याख्याता को अतिशेष बनाया गया है ! जोकि गलत है। प्रश्न यह है कि क्या यह विषय रिक्त पद खाली रहेगा या समाप्त हो जायेगा या अन्य विषय शिक्षक की पदस्थापना होगी ? यदि किसी विद्यालय में विषय व्याख्याता पदस्थ था तो उस विद्यालय में उसी विषय व्याख्याता के पद पर संविदा/परिवीक्षा/अन्य की नियुक्ति का दोषी कौन है? युक्तियुक्तकरण सिर्फ सरकारी स्कूलों में विषय शिक्षक उपलब्ध नहीं रखने का सुनियोजित युक्ति है। इससे प्राइवेट स्कूलों को लाभ होगा।सरकारी स्कूलों में पर्याप्त विषय शिक्षक उपलब्ध नहीं रहेंगे धीरे धीरे सरकारी स्कूलों में विद्यार्थी पढ़ने नहीं आयेंगे। सरकारी स्कूल बंद होंगे ! इस पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या वित्त विभाग के स्वीकृति दिनाँक 10/03/2008 एवं 08/05/2008 (ई संवर्ग) तथा 11/09/2008 (टी संवर्ग) द्वारा प्राथमिक,पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों के इकाई वार सेटअप 2008 में कटौती करने की स्वीकृति वित्त विभाग से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लिया गया है ? क्या अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से सभी शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय विद्यालयों में सहायक शिक्षक/शिक्षक/व्याख्याता की पदस्थापना हो गई है ?

### अनुसूची में कलेक्टर अथवा एसडीएम का उल्लेख नहीं

सेवा भर्ती नियमों के अनुसूची-एक (नियम-5) में नियुक्ति प्राधिकारी अर्थात नियोक्ता का उल्लेख है। उक्त अनुसूची में कलेक्टर अथवा अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) का उल्लेख नहीं है। युक्तियुक्तकरण का प्रक्रिया स्थानांतरण अंतर्गत आता है। नियमों के अनुसार जिला/विकासखंड स्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति में नियुक्ति प्राधिकारी/विभागीय अधिकारी के अतिरिक्त अन्य को अध्यक्ष बनाया जाना असंवैधानिक है।उन्होंने बताया कि प्राचार्य का नियोक्ता राज्य शासन ,व्याख्याता का संचालक, प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक तथा शिक्षक का संयुक्त संचालक एवं प्रधानपाठक प्राथमिक शाला तथा सहायक शिक्षक के लिये जिला शिक्षा अधिकारी नियुक्ति प्राधिकारी हैं।लेकिन युक्तियुक्तकरण में सेवा संवर्ग पद अनुसार नियुक्ति प्राधिकारी के द्वारा आदेश जारी नहीं हुआ है,जोकि सेवा भर्ती नियम का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि स्कूल शिक्षा सचिव का युक्तियुक्तकरण निर्देश एक परिपत्र है,जोकि सेवा भर्ती नियम (छत्तीसगढ़ राजपत्र) को अधिक्रमण (**supersede**) नहीं कर सकता है।


# अंडा में बरसात से पूर्व नालियों की सफाई में जुटा अमला





**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंडा में के पहले नाली की साफ सफाई में जुटी हुई है. वहीं इस वर्ष बरसात का मौसम भी बहुत जल्द आने की उम्मीद है. ऐसे में अंडा पंचायत अभी से अपनी तैयारियों में जुट गयी है. बरसात के मौसम से पहले ही गांव के नालियों की साफ-सफाई शुरू कर दी गयी है. गांव में नाली बने नालियों की सफाई की जा रही है. जनपद सदस्य अजीत चन्द्राकर, सरपंच दिग्विजय सिन्हा, पंचायत सचिव रूपेश सिंह ने इसके लिए मनरेगा मजदूरों को लगाया गया है। जिससे बारिश के बाद नालियों में जल-जमाव की स्थिति नहीं बने. उन्होंने कहा कि बरसात को देखते हुए गांव में नालियों की साफ सफाई कि जा रहे हैं। जिससे गांव में गंदगी न फैले , और सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने सभी ग्रामवासियों से अनुरोध किया गया है कि अपने घर का कचरा को जो गांव में महिला समूह कचरे वाले आते हैं उसके दस्टबीन में डाले ताकि हमारे अंडा गांव स्वच्छ भारत अभियान में आगे आये। गांव का साफ सफाई सबका जुमेदारी है। गांव का विकास सबका विकास होगा सरपंच दिग्विजय सिन्हा और सब अपने अपने घर के सामने के नालियों में कचरा न डालें ।

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
▸ किडनी फेलयर (ARF/CRF)
▸ डायलिसीस
▸ बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
▸ नेफ्रोटिक सिंड्रोम
▸ हाई बीपी (HIGH BP)
▸ PCNL
▸ AV FISTULA
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कास्मेटिक सर्जरी सेंटर

होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
16 अगस्त, 06 सितम्बर, 29 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411